दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 04
अंकः- 55
मुरादाबाद
15 June 2024
(Saturday)
पृष्ठः- 8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## सीएम ने दिए निर्देश: आम आदमी का फोन रिसीव करें अधिकारी, विवादित स्थलों पर न हो बकरीद पर कुर्बानी

सीएम योगी ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि आम आदमी की संतुष्टि ही आपके काम का मानक है। हर हाल में अधिकारी अपना फोन उठाएं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनता दर्शन दोबारा शुरू हो गया है। जिलों से आ रहीं शिकायतों एवं आवेदनों की समीक्षा हो रही है। जहां से अधिक शिकायतें मिलेंगी, वहां के अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। जनता दर्शन कार्यक्रम जिला, रेंज, जोन स्तर भी शुरू हो। अधिकारी जहां जनसुनवाई करेगा, इसकी सूचना जनता को पहले से दे।

लोगों की समस्याएं सुनें और तत्काल निस्तारण करें। कॉमन मैन की संतुष्टि ही आपके काम का मानक है। उसका विश्वास जीतें। फील्ड में तैनात अधिकारियों को सीयूजी फोन जनता के लिए मिले हैं, इसे चालू रखें। अधिकारी फोन स्वयं रिसीव करें, अथवा कॉल बैक करे।अपने सरकारी आवास पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्री ने मंडल, रेंज और जिलों में तैनात विभिन्न विभागों के अधिकारियों से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के बाबत कहा कि ब्लॉक, जिला मुख्यालय, सचिवालय, यदि कहीं भी अनैतिक लेन-देन की शिकायत मिली तो इसमें संलिप्त लोगों पर कार्रवाई होनी तय है। वहीं आगामी त्योहारों के संबंध में उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुलिस कमिश्नरों, मंडलायुक्तों, डीएम व पुलिस कप्तानों को निर्देश दिया कि जून और जुलाई में तमाम पर्व, मोहर्रम और कांवड़ यात्रा आदि हैं। यह समय अत्यंत संवेदनशील है, लिहाजा लगातार एक्टिव मोड में रहना होगा। पूर्व के अनुभव बताते हैं कि जहां स्थानीय प्रशासन ने संवादहीनता रखी, वहां अप्रिय घटना की स्थिति बनी। इससे सीख लेते हुए सतर्क रहना होगा। वरिष्ठ अधिकारी धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों से संवाद बनाएं।

सकारात्मक संदेश जारी कराएं। पीस कमेटी की बैठक करें। मीडिया का सहयोग लें। दूसरे धर्म के लोगों की भावनाएं आहत करने वाली घटना न हो। शरारती तत्व दूसरे संप्रदाय को उत्तेजित करने की कोशिश कर सकते हैं। ऐसे मामलों पर नजर रखें। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती करें। रोज पुलिस बल फुट पेट्रोलिंग करे। पीआरवी 112 एक्टिव रहे। अराजक तत्वों के साथ पूरी कठोरता से निपटा जाए। सरकारी, निजी वाहनों में प्रेशर हार्न और हूटर स्वीकार्य नहीं- योगी ने वीआईपी कल्चर को पूरी तरह समाप्त करने के लिए सरकारी और निजी वाहनों में प्रेशर हार्न, हूटर पर सख्ती से प्रतिबंध लगाने का निर्देश देते हुए कहा कि यह जहां लगा हो, तत्काल उतरवाएं। वीआईपी



फ्लीट में सबसे आगे की गाड़ी में एक तय ध्वनि सीमा के साथ ही हूटर बजे। अन्य किसी वाहन में नहीं। यदि कहीं से भी प्रेशर हॉर्न अथवा हूटर बजने की सूचना मिली तो संबंधित थाना पर कार्रवाई होनी तय है।

वीआईपी कल्चर को किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा। किसी नई परंपरा की अनुमति नहींसीएम ने कहा कि बकरीद पर कुर्बानी के लिए स्थान का चिन्हांकन पहले से होना चाहिए। विवादित एवं संवेदनशील स्थलों पर कुर्बानी नहीं होनी चाहिए। कहीं भी प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न हो। कुर्बानी के बाद अपशिष्ट के निस्तारण की कार्ययोजना हो। नमाज परंपरानुसार एक निर्धारित स्थल पर हो, सड़क अवरुद्ध कर नहीं। किसी नई परंपरा को प्रोत्साहन न दें। वीडियोग्राफी कराएं, ड्रोन का इस्तेमाल करें। अनावश्यक पावर कट न हो- उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में कहीं भी रोस्टरिंग के नाम पर %%पॉवर कट%% न हो। ट्रांसफार्मर खराब होने अथवा फॉल्ट की समस्या का तेजी के साथ निस्तारण कराएं। प्रदेश में 15 से 22 जून तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए। गंगा दशहरा के दृष्टिगत गंगा नदी के घाटों की साफ-सफाई और साज-सज्जा की जाए। गोताखोरों, पीएसी की फ्लड यूनिट तथा एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की तैनाती भी की जाए। गरीब के खिलाफ न हो कार्रवाई- उन्होंने कहा कि हमारी कार्रवाई माफिया के खिलाफ है, गरीब के खिलाफ नहीं। भूमाफिया हो या कोई अन्य माफिया, सभी के खिलाफ कार्रवाई होगी। जनप्रतिनिधियों से संवाद बनाये रखें। उनकी अपेक्षाओं-समस्याओं को सुनें। वहीं सड़क से अतिक्रमण हटाने, अवैध वसूली को रोकने को कहा। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था और अवैध टैक्सी स्टैंड की समस्या का स्थायी समाधान करने को कहा। योग दिवस की करें तैयारी- उन्होंने कहा कि योग दिवस के कार्यक्रम से सभी जनप्रतिनिधियों, संस्थाओं, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों, धार्मिक, योग संस्थानों, एनसीसी कैडेट, स्काउड एंड गाइड और एनएसएस स्वयंसेवकों को अनिवार्य रूप जोड़ा जाए। मुख्य समारोह सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में आयोजित किया जाए। अमृत सरोवर, ऐतिहासिक महत्व के स्थलों और सांस्कृतिक स्थलों में योगाभ्यास कराया जाना उचित होगा। कॉमन योग प्रोटोकॉल के वीडियो भी प्रसारित किए जाने चाहिए। सभी मंत्री अपने प्रभार वाले जिले में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हों।

## यूपी की राज्यपाल बोलीं, ट्रैफिक नियम का पालन न करने वालों से कराएं रक्तदान

विश्व रक्तदाता दिवस के मौके पर केजीएमयू में आयोजित कार्यक्रम में रक्तदान करने वालों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि अभी भी पर्याप्त मात्रा में रक्तदान नहीं हो रहा है। ऐसे में अलग तरीके अपनाए जाने चाहिए।राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा है कि जो युवा ट्रैफिक नियम का पालन नहीं कर रहे हैं उनसे रक्तदान कराया जा सकता है। वे शुक्रवार को केजीएमयू के ब्राउन हाल में आयोजित समारोह में बोल रही थीं। इस मौके पर उन्होंने रक्तदान और



रक्तदान शिविर लगाने के लिए व्यक्ति और संस्थाओं को सम्मानित किया।राज्यपाल ने कहा कि तमाम जागरूकता के बावजूद अभी भी पर्याप्त मात्रा में रक्तदान नहीं हो पा रहा है। ऐसे में इसके लिए नए तरीके तलाश करने होंगे। प्रदेश की जेलों में रक्तदान शिविर लगाया जा सकता है। उनके अनुसार हर कानून तोड़ने पर सजा का प्रावधान नहीं है। सामान्य ट्रैफिक नियमों का पालन न करने वालों से पुलिस रक्तदान करा सकती है। सामान्य मामलों में सजा के बजाय अस्पताल में सेवा और रक्तदान का निर्देश दिया जा सकता है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा, केजीएमयू कुलपति प्रो सोनिया नित्यानंद, एनएचएम निदेशक पिंकी जोवेल और प्रति कुलपति अपजित कौर उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रश्न-पत्र लीक समेत अन्य गड़बड़ियों के आरोपों की CBI जांच की मांग; केंद्र-NTA को सुप्रीम नोटिस

NEET-UG परीक्षा को लेकर चल रहे विवाद के बीच केंद्र और ह्झ ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि उन्होंने MBBS और ऐसे अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षा देने वाले 1,563 उम्मीदवारों को दिए गए ग्रेस मार्क्स रद्द कर दिए हैं। ऐसे छात्रों को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प दिया जाएगा।नीट-यूजी विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (ह्झ) को नोटिस जारी किया। नोटिस राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक, 2024 में प्रश्नपत्र लीक और अन्य गड़बड़ियों के आरोपों की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका को लेकर जारी किया गया है। इसके अलावा कोर्ट ने याचिकाओं को अलग-अलग हाईकोर्ट से शीर्ष अदालत में हस्तांतरित करने की मांग वाली राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की याचिका पर भी सभी पक्षों को नोटिस जारी किया है। याचिका पर 8 जुलाई को सुनवाई की जाएगी।पीठ ने क्या कहा? जस्टिस विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाश पीठ ने मामले की सुनवाई की। इस दौरान राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के वकील की इस दलील पर गौर किया कि प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आरोपों के आधार पर नीट-यूजी को रद्द करने की मांग करने वाली कई याचिकाएं कई उच्च न्यायालयों में लंबित हैं। पीठ ने कहा कि हम नोटिस जारी कर रहे हैं।

## मई में थोक महंगाई दर 15 महीने के उच्च स्तर 2.61% पर पहुंची, खाने-पीने की चीजों की कीमतें बढ़ने का असर

मई महीने में खाने-पीने के चीजों की बढ़ती कीमतों के कारण थोक महंगाई दर 15 महीने के उच्च स्तर 2.61 प्रतिशत पर पहुंच गई। थोक खाद्य मुद्रास्फीति मई में बढ़कर 7.4 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल में 5.5 प्रतिशत और मई 2023 में 4.82 प्रतिशत थी।मई में देश की थोक महंगाई दर 15 महीने के उच्च स्तर 2.61% पर पहुंच गई। अप्रैल महीने में यह 1.26 फीसदी थी। थोक खाद्य मुद्रास्फीति मई में बढ़कर 7.4 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल में 4.82 प्रतिशत थी। मई में मासिक प्रतिशत की वृद्धि हुई।खाद्य वस्तुओं विनिर्मित वस्तुओं के दाम बढ़ने से थोक मुद्रास्फीति मई में लगातार तीसरे महीने गई। थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति इससे पिछले महीने 1.26 (–) 3.61 प्रतिशत थी।वाणिज्य और एक बयान में कहा, मई, 2024 में मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, खाद्य पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, खनिज की कीमतों में वृद्धि के कारण है।



में 5.5 प्रतिशत और मई 2023 आधार पर थोक कीमतों में 0.2 विशेषकर सब्जियों और मूल्य सूचकांक आधारित बढ़कर 2.61 प्रतिशत पर पहुंच (डब्ल्यूपीआई) आधारित प्रतिशत थी। मई 2023 में यह उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को मुद्रास्फीति की सकारात्मक दर उत्पादों के निर्माण, कच्चे तेलों, अन्य विनिर्माण आदि आंकड़ों के अनुसार खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति मई में 9.82 प्रतिशत बढ़ी जबकि अप्रैल में यह 7.74 प्रतिशत थी। सब्जियों की मुद्रास्फीति मई में 32.42 प्रतिशत रही जो इससे पूर्व महीने में 23.60 प्रतिशत थी। प्याज की मुद्रास्फीति 58 दशमलव शून्य पांच प्रतिशत और आलू की मुद्रास्फीति 64 दशमलव शून्य पांच प्रतिशत रही। मई में दालों की महंगाई दर 21 दशमलव नौ-पांच प्रतिशत बढ़ी। ईंधन और बिजली बास्केट में मुद्रास्फीति 1.35 प्रतिशत रही, जो अप्रैल की 1.38 प्रतिशत की मुद्रास्फीति से थोड़ी कम है। विनिर्मित उत्पादों की मुद्रास्फीति अप्रैल में (–) 0.42 प्रतिशत से बढ़कर 0.78 प्रतिशत हो गई। मई के थोक मूल्य सूचकांक में वृद्धि इस महीने के खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों के विपरीत है। भारतीय रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति को ध्यान में रखता है। इस सप्ताह की शुरुआत में जारी आंकड़ों के अनुसार मई में खुदरा मुद्रास्फीति एक साल के निचले स्तर 4.75 प्रतिशत पर आ गई। आरबीआई ने इस महीने की शुरुआत में लगातार आठवीं बार ब्याज दर को अपरिवर्तित रखा है।

## कांग्रेस का आरोप- युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ पर PM मोदी खामोश; SC की निगरानी में फॉरेंसिक जांच की मांग

शुक्रवार को नीट मामले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाया और कहा कि केवल सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में फोरेंसिक जांच ही लाखों युवा छात्रों के भविष्य की रक्षा कर सकती है।नीट में अंकों पर हुइ धांधली के मुद्दे पर कांग्रेस ने मोदी सरकार पर हमला तेज कर दिया है। शुक्रवार को इस मामले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाया और कहा कि केवल सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में फोरेंसिक जांच ही लाखों युवा छात्रों के भविष्य की रक्षा कर सकती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि मोदी सरकार ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के माध्यम से नीट घोटाले को ढंकना शुरू कर दिया है।केंद्र और एनटीए ने बृहस्पतिवार को सर्वोच्च न्यायालय को बताया कि उन्होंने एमबीबीएस और ऐसे अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षा देने वाले 1,563 उम्मीदवारों को दिए गए ग्रेस मार्क्स रद्द कर दिए हैं। केंद्र ने कहा था कि उनके पास या तो दोबारा परीक्षा देने या समय की हानि के लिए उन्हें दिए गए प्रतिपूरक अंकों को छोड़ने का विकल्प होगा। वहीं इस मामले पर पीएम मोदी खामोश बने हुए हैं। उनकी खामोशी पर मोदी सरकार ने सवाल उठाए हैं। कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यहां अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में दावा किया



कि नीट घोटाला व्यापम 2.0 है और मोदी सरकार इसे सफेद करना चाहती है। व्यापम या मध्य प्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मंडल में घोटाला 2013 में सामने आया था। इस घोटाले में उम्मीदवारों ने अधिकारियों को रिश्वत दी थी। उत्तर पुस्तिकाएं लिखने के लिए जालसाजों को नियुक्त करके परीक्षा में धांधली की थी। बता दें कि नीट में अंकों में हुई गड़बड़ी के बाद लाखों छात्र प्रदर्शन कर रहे थे। छात्रों में भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ को लेकर आक्रोश था। पवन खेड़ा ने कहा कि व्यापक विरोध प्रदर्शन, कई अदालती मामले और छात्रों के जबरदस्त आक्रोश को प्रेरित बताने का शिक्षा मंत्री का बयान 24 लाख युवा उम्मीदवारों के घावों पर नमक छिड़कने जैसा है। भारतीय जनता पार्टी और एनडीए सरकार इन युवाओं का भविष्य बर्बाद करने पर तुली है। उन्होंने पूछा कि पीएम मोदी और प्रधान बताएं क्या यह सच नहीं है कि पटना पुलिस (बिहार) की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) जो एनईईटी-यूजी 2024 पेपर लीक की जांच कर रही है। जिसमें उन्होंने पता चला था कि मेडिकल उम्मीदवारों ने 5 मई को होने वाली परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र लेने के लिए रैकेट में शामिल दलालों को 30 लाख रुपये से लेकर 50 लाख रुपये तक की बड़ी रकम का भुगतान किया था। पवन खेड़ा ने पूछा कि फ्क्या शिक्षा मंत्री इस बात से इनकार कर सकते हैं कि गुजरात के गोधरा में एक कोचिंग सेंटर चलाने वाले व्यक्ति, एक शिक्षक और एक अन्य सहित तीन लोगों की संलिप्तता वाले एक एनईईटी-यूजी धोखाधड़ी रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। मामले की जांच में छात्रों, उनके अभिभावकों और आरोपियों के बीच 12 करोड़ रुपये से अधिक के लेन-देन का पता चला है? उन्होंने यह भी पूछा कि क्या यह सच नहीं है कि इस साल, 2024 में, 67 टॉपर्स थे, जिन्हें 720 का परफेक्ट स्कोर दिया गया था, जबकि 2023 में सिर्फ 2 छात्रों को परफेक्ट स्कोर मिला था। क्या यह सच नहीं है कि नीट के नतीजे 10 दिन पहले घोषित किए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खामोश रहने पर सवाल-पवन खेड़ा ने सवाल दागा कि पीएम मोदी हमेशा मूकदर्शक नहीं रह सकते। जब 24 लाख युवाओं का भविष्य दांव पर है तो वे चुप क्यों हैं?

## संपादकीय Editorial

### Bhagwat's advice or warning

The comments made by RSS chief Mohan Bhagwat are not even a cause for separation or severing of ties between the Sangh and the BJP. The words he used in reference to, 'sevak', 'maryada' and 'ahankar' are directly related to the BJP and Prime Minister Modi. The chief cannot be so narrow-minded. Both BJP and Modi are the creations of the Sangh. When the Sangh chief addressed the workers in a parental posture at the conclusion of the Vikas Varg program, he was warning the entire political and social culture. One should work without ego and should not show ego in return for work, only that person is a 'true servant'. In elections, there is one side, and the other is the ideological opposition. It is not an enemy, it is your ideological opponent. Both sides are essential for the power of the country and the Parliament. This time the Lok Sabha elections were full of bitterness. The elections were fought like a war. Dignity is necessary. Whatever happened in the elections will have to be considered. The country has developed, but do not forget the challenges. Remember the tradition of running the country with consensus. It is certain that the Sarsanghchalak has given some advice and warning to the BJP. He also raised the issue of the disappearance of booth and panna pramukh faces in some phases of the polling. Where were the workers who could have brought BJP supporting voters out of their homes and brought them to the polling booths? The Sarsanghchalak also raised the question of disagreement on the candidates that why such unwanted faces were fielded in the election field? The statement given by BJP President JP Nadda regarding RSS or the implication taken publicly also proved to be suicidal. After that, the volunteers and campaigners of the Sangh were neutral from the election campaign of BJP. Even mutual coordination meetings of Sangh-BJP could not be held, as a result there was a lack of coordination and harmony between the two. The percentage of voting kept decreasing. The Sarsanghchalak had warned earlier also that now we cannot win elections only on the basis of the image and popularity of Prime Minister Modi. This time the same thing happened that BJP remained trapped in the 'bubble' of the slogan of crossing 400. There was excessive faith in the personality of Prime Minister Modi, the result is before us. BJP could win only 240 seats, whereas in the last Lok Sabha, BJP had won 303 MPs. This result also came out only when some workers of the Sangh kept working in most of the areas. It is our assessment that the day the Sangh completely, openly, separates itself from the BJP, in that situation it may be difficult for the BJP to win even 150 Lok Sabha seats. Actually, the Sangh is not ideologically and theoretically against Prime Minister Modi and the BJP. BJP has more than 18 crore members, which is the result of the campaigns of the Sangh. BJP is still the political platform of the RSS. The Sangh can never even think in favor of the fall of the Modi government or the possible government of the opposition alliance like 'India'. Sarsanghchalak Bhagwat has raised the issue of burning and distressed Manipur in context and made the central government aware of its duty. More than 220 people have died in the Manipur violence. More than 1100 people are injured. The number of violent incidents is more than 5000, while more than 70,000 people have been displaced. Bhagwat's question is who will pay attention to this situation? Whose responsibility is it to consider it on priority level? Nearly 50,000 people are forced to live in relief camps. This is the parental address of the Sangh chief that the one who remains within the limits of decorum while performing his duties, the one who is proud of his work, yet remains detached, who is devoid of ego, only such a person really deserves to be called a 'sevak'. BJP has had to face some unexpected defeat.

# Lok Sabha Election Result 2024: Why did BJP lag behind? Why is RSS warning?

RSS chief Mohan Bhagwat has also publicly expressed his displeasure with the functioning and behavior of the Modi government and advised it to improve. He has also not considered it good that Prime Minister Modi himself is taking credit for every work. The Sangh chief has also criticized the central government for its indifference towards the violence that has been going on in Manipur for a year.The Lok Sabha election result is a warning for the Bharatiya Janata Party. This time the voters have just warned it and left it alone. If it does not wake up even after this and there is no change in the working style of the party and the government, then next time it should be ready to sit in the opposition.RSS chief Mohan Bhagwat has also publicly expressed his displeasure with the functioning and behavior of the Modi government and advised it to improve. He has also not considered it good that Prime Minister Modi himself is taking credit for every work. The RSS chief has also criticised the Centre for its indifference towards the violence that has been continuing in Manipur for the past one year. No doubt, the Modi government has done many historic works which should have been done immediately after independence. The country's economic condition has improved. The country's prestige has increased in the world. It has given a corruption-free government. Terrorist activities and Naxal violence have almost been controlled. The 'respect' of Padma award has increased due to the selection of deserving persons. Commendable work has been done towards toilets in every house and awareness towards cleanliness. Many other good works have been done. Despite this, why did the public not give the expected support to this government, there is a need for deep thinking on this. The victory of Prime Minister Modi himself from Kashi by one lakh 52 thousand votes shows that even the voters there are not happy with him. Why did Modi's votes decrease even after doing so much work for Kashi? Modi ji himself should think about this. The defeat in Ayodhya is a big slap on the face of the BJP. Where did the mistake happen? Why did the voters there turn their backs? Why did the slogan 'Those who have brought Ram, we will bring them' vanish into thin air? Why did the concept of 'mera booth sabse mazboot' and 'panna pramukh' fail? The party should think about this. Why should BJP be alert? - Despite good work and the image of a strong leader, is factionalism within the party responsible for BJP's fall in UP? I don't know how much truth is there in this but it is common discussion that weak and infamous candidates were given as a conspiracy to reduce the rising stature of Chief Minister Yogi Adityanath? If this has happened then BJP's downfall is certain. There is also an accusation that BJP is becoming Congressised. Centralisation of BJP and the narcissism of its leaders proved fatal for it. Modi did not allow his ministers to emerge. He was seen everywhere. The status of ministers was reduced to assistants and not colleagues. The Sangh chief has also pointed towards this. However, it is also true that our country worships individuals, not society. For this reason, Modi establishing himself as the sole leader proved beneficial for the BJP. It was because of personality cult that the Nehru dynasty was able to maintain monopoly on power for so many years. Modi defeated them with the same weapon. But that weapon is getting blunt. Like other leaders, Modi also crossed the limits many times in his speeches, which people did not like. It must be remembered that due to his absurd speeches, Rahul Gandhi was given the title of 'Pappu' and memes have been made of his speeches. Many BJP leaders including the Prime Minister were also seen making the same mistake many times. Due to unemployment, leakage of question papers of competitive exams and Agniveer Yojana, the youth seems indifferent to the Modi government. On the day of voting, they stayed at home. They did not come out to vote. The BJP government did not pay any attention to the salaried middle class. This class is also sulking. There is a need to pay attention to this immediately. The BJP could not effectively counter the propaganda of the opposition to change the constitution and abolish reservation. It had to suffer losses due to this too. Narendra Modi has equaled Pandit Nehru's record of becoming Prime Minister three times in a row, but if he has to surpass him, he will have to come out of the feel-good factor and look within himself. The weak link needs to be identified and strengthened. Only then will the BJP be able to maintain its lead by strengthening its relationship with the Sangh. The country needs a strong and nationalistic thinking government right now. Therefore, the BJP will have to take some tough decisions. Is the BJP ready for this?

# Investment: This is how the market works, so a long-term perspective is important

It is important for investors to continue investing keeping in mind the long-term perspective of the market. There will be fluctuations in the short term, but these are all part of investing. The stock market has not only recovered from the fall of June 4, but it has also crossed the highest level of June 3. Investing in the stock markets is not for the faint-hearted, especially when the market is volatile. When the market keeps going up and down in a single day or in a short period, it means that the market is volatile. Obviously, a common investor may consider this volatility a cause for concern, but it should not be so, because just as our heartbeat keeps going up and down, which keeps us alive, in the same way the stock market indices keep going up and down to keep the stock market moving. In this sense, if the market index is flat, it means that the market is dead, just like a person dies when his heart stops beating. There are many factors that cause the stock market to fluctuate, ranging from local and global news to political results, business cycles and fear, etc. However, there are some events that cause the stock market to reach extremes. The kind of extreme conditions that were seen on June 4, when the results of the Lok Sabha elections started coming in, were seen in recent times when the Covid lockdown was announced in the year 2021. On that day, June 4, the S&P BSE Sensex saw a massive fall of more than 4,000 points and about six percent, which was unprecedented. It seemed as if both domestic and foreign investors wanted to exit the Indian markets. Before we talk about the fall in the Indian stock market on the day of the election results, we should go back to May 19, when Prime Minister Narendra Modi, while speaking to a television channel, said that the stock market would break records on June 4. It was not just him who said this, but many prominent members of his cabinet had made similar comments during various phases of the Lok Sabha elections. This confidence of the ruling party was interpreted by investors as a signal to invest in the market. As a result, the BSE Sensex continued to rise on most days in May, until the last phase of the elections. This was taken as an indication that the market believed in the return of the government and the continuity of its policies. It became even more interesting for the market to take cues from the public mood, as the exit polls released on June 1 predicted a clear and big victory for the BJP. Naturally, when the markets opened on June 3, there was heavy buying in the market. After the exit poll results, the Sensex saw a rise of 2,600 points. In fact, on June 3, foreign institutional investors bought shares worth Rs 6,851 crore, while domestic institutional investors, which include banks, insurance companies, mutual funds and other Indian institutions, bought shares worth Rs 1,914 crore. However, when the counting of votes began the very next day, things did not go as expected, especially in the initial trends. Due to investors' concern about the formation of the government, the stock market Sensex fluctuated throughout the day and closed with a decline of more than 4,300 points. Foreign investors sold Indian shares worth about $ 1.5 billion, while domestic investors also sold more than Rs 3,300 crore. There were many speculators who invested their money in the market only on the basis of trends and hearsay. It is also possible that there are some new investors among them, who do not understand the market risks and rely only on speculation. They also lost money, because they withdrew their money out of fear as soon as the market started falling. Now the figure of loss of Rs 30 lakh crore in a single day is being reported. It is not necessary that all of this money belongs to investors, because among those who suffered losses, there were many traders who are known to make money by betting against the market. Contrary to other discussions, the stock market looks at each day differently, but it also keeps an eye on future possibilities. So within a few days of being aware of the market movement, the Sensex has not only recovered from the fall of June 4, but it has also crossed the highest level of June 3. In fact, it touched a new high on June 10 and is expected to go even further in the future. The most important thing for investors is to keep in mind the long-term view of the market and continue to invest in the market. There will be short-term fluctuations in the stock market, but all this is a part of investing. As an investor, you should know how the market works in the short term and how it benefits investors in the long term. Just as it is important to be aware of the outside temperature to prepare for the heat, it is important for an individual or institution investing to be aware of the market movements. You should be aware of the factors that can affect the stock market movement. Also, you should keep your faith and bet on such investments that can perform better despite temporary fluctuations.



# परंपरागत तरीके से मनाएं ईद-उल-अजहा व गंगा दशहरा का त्योहार, जिलाधिकारी ने दिया निर्देश

**◆ पानी, बिजली, सफाई के इंतजाम करने का जिलाधिकारी ने दिया निर्देश, खुले में नहीं होगी कुर्बानी यह सुनिश्चित कराएं अधिकारी, यातायात व्यवस्था प्रभावी व सुचारू बनाने में सामंजस्य जरूरी**



मुरादाबाद- जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना की अध्यक्षता में गुरुवार को पंचायत भवन सभागार में गंगा दशहरा और ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर शांति व्यवस्था बनाने के लिए बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देश के अनुसार परंपरागत व शांतिपूर्ण तरीके से गंगा दशहरा और बकरीद का पर्व मनाएं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से इन पर्वों पर पेयजल, बिजली और साफ सफाई का पर्याप्त प्रबंध करने का निर्देश दिया। उन्होंने अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार से कहा कि अभियान चलाकर महानगर में नाली -नालों की सफाई कराएं। एसपी सिटी और एसपी यातायात को आपस में समन्वय बनाकर यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्य करने का निर्देश दिया। गंगा दशहरा पर नदियों के घाटों पर पर्याप्त इंतजाम कराने के लिए कहा। अपर आयुक्त को घाट पर सफाई, चूने का छिड़काव कराने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लोग मिल जुलकर सौहार्दपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाएं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कुर्बानी खुले में न हो, इसे सुनिश्चित किया जाए। त्योहार पर परंपरागत व्यवस्था बनाए रखें। अफवाहों पर बिल्कुल ध्यान न दें। आपसी सौहार्द और शांति व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन व पुलिस का जनता सहयोग करे। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र, एसपी यातायात सुभाष चन्द गंगवार, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव के अलावा सभी तहसीलों के उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी और सिविल डिफेंस के अधिकारियों के अलावा धर्मगुरू उपस्थित रहे।

# PUBG खेलने के दौरान चार दोस्तों में हुई कहासुनी, युवक को जमकर पीटा...उपचार के दौरान मौत



मुरादाबाद- पाकबड़ा थाना क्षेत्र के हासमपुर इलाके में चार दोस्तों में पबजी गेम खेलने के दौरान कहासुनी हो गई। कहासुनी में तीन दोस्तों ने मिलकर लाठी-डंडे से युवक की पिटाई कर दी। मारपीट में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुक्रवार को युवक ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ा दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा गया। पाकबड़ा पुलिस ने परिजनों को तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

# रास्ते से बाइक हटाने के विवाद में हुई थी युवक की हत्या, पिता-पुत्र गिरफ्तार

**◆ आरोपी के पिता ने हर्ष के पेट में मारी गोली, मृतक के दोस्त पर तलवार से किया वार, हिंदू कॉलेज में बीए का था छात्र, चार भाई-बहनों में तीसरे नंबर का था मृतक**



मुरादाबाद- पुरानी रंजिश में बुधवार रात रास्ते में खड़ी बाइक हटाने को लेकर हुए विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोली लगने से हर्ष उर्फ सिद्दू ( 19 ) की मौत हो गई थी। जबकि, धारदार हथियार लगने से साथी घायल हो गया था। मृतक हर्ष के पिता ने कटघर थाने में लक्षित और उसके पिता राजेश रस्तोगी को नामजद किया है। पुलिस ने इन आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है।कटघर थाना क्षेत्र में हुई घटना बुधवार देर रात की है। मृतक हर्ष वाल्मीकि के पिता गुड्डू ने बताया कि उनका बेटा बस्ती के ही अपने दोस्त सुमित वाल्मीकि, ध्रुव वाल्मीकि और आदर्श नगर पंजाबी कालोनी के अस्मित व मनी के साथ महबुल्लागंज में दोस्त की बर्थ-डे पार्टी में गया था। ये सभी दोस्त पार्टी खत्म होने पर रात 10.30 बजे कार से घर लौट रहे थे। रास्ते में जोशियान मुहल्ले में गली में कुछ बाइकें खड़ी थीं। कार नहीं निकल पा रही थी। हर्ष और सुमित नीचे उतरकर बाइक हटाने लगे। गुड्डू का आरोप है कि मार्ग से बाइकों के हटाने के समय ही जोशियान मोहल्ला निवासी लक्षित रस्तोगी आ गया और हर्ष से गाली-गलौज करने लगा। सुमित से भी कहासुनी हुई। शोर सुनकर लक्षित का पिता राजेश रस्तोगी भी आ गया। पिता-पुत्र ने हर्ष और सुमित को जाति सूचक गाली दी। विरोध करने पर लक्षित घर गया और तमंचा लाकर हर्ष के पेट में गोली मार दी। हर्ष वहीं गिर गया। आरोप है कि एक फायर उसके पिता ने भी किया। फिर सुमित के सीने पर तमंचा तान दिया और गोली दाग दी, गनीमत रही कि वह बाल-बाल बच गया। कहा जा रहा है कि आरोपी पिता-पुत्र ने सुमित पर तलवार से हमला कर दिया। इसमें वह घायल हो गया। सुमित मौके से भाग निकला और सीधे हर्ष के घर जाकर सूचना दी थी। अन्य दोस्त पहले ही भाग गए थे। उधर, हर्ष और सुमित के परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे थे, हर्ष ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद हर्ष के परिजन कटघर थाने पर पहुंच थे। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि आरोपी लक्षित और उसके पिता राजेश रस्तोगी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। दोनों को गिरफ्तार कर उनके पास से हत्या में प्रयोग हुआ तमंचा भी बरामद हो गया है। एसपी सिटी ने बताया कि दो माह पहले भी हर्ष उर्फ सिद्दू का लक्षित से विवाद हुआ था। मृतक संभल चौराहा के पास स्थित आदर्शनगर ईदगाह रोड वाल्मीकि बस्ती का रहने वाला है। वह हिंदू कॉलेज में बीए का छात्र था। मृतक के भाई तुषार ने बताया कि उसका भाई हर्ष चार भाई-बहनों में तीसरे नंबर का था। मां की पहले ही मौत हो चुकी है। हंगामा करते थाने पहुंचे थे परिजन- घटना के बाद रात में ही हर्ष के घर भीड़ जुट गई थी। लोग हंगामा करते हुए थाने भी गए थे और आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। सूचना पाकर एसएसपी हेमराज मीना और एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया भी रात में ही कटघर थाने पर पहुंचे थे। परिजनों को समझा कर मामला शांत कराया था। पोस्टमार्टम हाउस पर भी काफी लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मुरादाबाद के पूर्व सपा सांसद हसन लड़ सकते हैं कुंदरकी विधानसभा से उप-चुनाव, कहा- अखिलेश कहें तो वह तैयार

मुरादाबाद के पूर्व सांसद एसटी हसन कुंदरकी विधानसभा से उपचुनाव लड़ने को तैयार हैं। उनका कहना है कि अगर अखिलेश इसके लिए आदेश देते हैं तो वह उपचुनाव के लिए तैयार हैं।



लोकसभा चुनाव के दौरान मुरादाबाद के सपा ने हसन का टिकट काटकर रुचिवीरा को चुनाव लड़ाया था।मुरादाबाद के पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आदेश होगा तो उप चुनाव लड़ने में कोई हर्ज नहीं है। वह आदेश का पालन करते हुए उप-चुनाव लड़ेंगे, मना नहीं करेंगे।पूर्व सपा सांसद ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उनसे रामपुर लोकसभा लड़ने के लिए कहा था। उस समय पूर्व मंत्री आजम खां के लिहाज के चलते रामपुर से लड़ने से मना कर दिया था, जब कि आजम खां ने ही उनके टिकट को कटवाया था।वह लोकसभा चुनाव समाप्त होने पर दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को बधाई देने के लिए गए थे लेकिन उपचुनाव के मुद्दे पर अभी चर्चा नहीं हुई है। मुरादाबाद जिले में कुंदरकी विधानसभा खाली होने वाली है। क्योंकि यहां के विधायक जियाउर्रहमान संभल लोकसभा सीट से सांसद निर्वाचित हो गए हैं। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी सरकार में एक भी मंत्री मुस्लिम समाज से नहीं है। मुरादाबाद लोकसभा सीट पर हुए चुनाव के दौरान सपा ने पूर्व सांसद एसटी हसन का टिकट काटकर उसे रुचि वीरा को दे दिया था। इस सीट पर रुचि वीरा ने भाजपा के सर्वेश सिंह को हराया था। उधर, कुंदरकी विधायक जियाउर्रहमान बर्क को सपा ने संभल से चुनाव लड़वाया था। इसमें वह विजयी रहे थे। बर्क के सांसद चुने जाने के बाद कुंदरकी विधानसभा से उपचुनाव होगा। ऐसे में हसन ने कहा कि वह उप-चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। इसके लिए पार्टी की सहमति होनी चाहिए।




# साथी के जाल में फंस गया अजय, अनमोल ने किया धोखा, हत्या कर लूट लिए रुपये

## 10 लाख रुपये और 1300 ग्राम ज्वेलरी लेकर दिल्ली के लिए निकला था अजय, व्हाट्सएप कॉल कर खरीदार को नहटौर में एक बाग में बुलाकर 90 लाख की बेची थी ज्वेलरी

मुरादाबाद- अलंकार ज्वेलर्स के यहां से नौकर अजय कुमार 4 जून की सुबह 8.40 बजे 10 लाख रुपये और 1300 ग्राम ज्वेलरी लेकर दिल्ली के लिए निकला था। पुलिस की पड़ताल में सामने आया है कि अजय और अनमोल पहले से योजना बना चुके थे। उसी क्रम में ई-रिक्शा से करुला में डबल फाटक पहुंचते ही अनमोल की कार पर सवार हो गया था। फिर आगे चलकर अजय ने काफी कम दाम में ज्वेलरी बचे दी। फिर वह अनमोल के साथ उसकी कार पर बैठकर नहटौर पहुंचा था। नहटौर में अनमोल के निर्माणाधीन मकान में ही अनमोल व उसके अन्य दो साथियों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी और रुपये लूट लिए थे।एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया है कि अनमोल व अजय दोनों एक-दूसरे को पहले से ही जानते थे और गहरी दोस्ती भी थी। दोनों 2 साल पहले सेठ अलंकार अग्रवाल निवासी फूलविला ईदगाह रोड थाना कटघर के यहां सोने-चांदी के व्यापारिक प्रतिष्ठान पर काम करते थे। अनमोल ने कुछ समय पहले नौकरी छोड़ दी थी। इधर, अनमोल के पिता नया मकान बना रहे थे, उसे रुपये की जरूरत थी। अजय शेयर मॉर्केट में पैसा लगाने व कमाने का आदी था। इससे उसके पास भी रुपये खत्म हो गए थे। दोनों को रुपये की बहुत जरूरत थी। अजय अपने सेठ के यहां से रुपये व ज्वेलरी दिल्ली लाने ले जाने का काम करता था।अनमोल व अजय दोनों ने मिलकर योजना बनाई थी कि जिस दिन ज्यादा ज्वैलरी और कैश होगा। वह दोनों उसे गायब कर देंगे और सेठ अलंकार को मनगढ़ंत कहानी बताकर लूट या टप्पेबाजी होना बता देगें। ज्वेलरी को बेच देंगे। वैसे इन लोगों ने पहले भी ज्वेलरी व रुपये हड़पने की योजना बनाई थी लेकिन, चुनाव में सख्ती देख हिम्मत नहीं कर पाए थे। अनमोल ने सारा पैसा हड़पने के उद्देश्य से अजय की हत्या करने की योजना अपने दो दोस्तों सोहन व राजीव उर्फ राजू के साथ मिलकर बना रखी थी। 4 जून को जब अजय 10 लाख रुपये व 1300 ग्राम लेकर दिल्ली के लिए निकला और फिर वह फत्तेपुर खड़ंजा, संभल रोड पर पहले से इंतजार में मौजूद अनमोल से जा मिला। अनमोल अपनी बैगन-आर कार से था। फिर ये दोनों कार से ज्वेलरी लेकर नूरपुर पहुंचे थे। इसके बाद नहटौर रोड पर एक बाग में गए तो अजय का परिचित व्यक्ति मिला। जिसने अजय से ज्वेलरी खरीद ली। फिर अनमोल अजय और रुपयों से भरा थैला लेकर नहटौर में अपने निर्माणाधीन पहुंचा, जहां पर पहले से ही अनमोल के दो साथी सोहन व राजीव थे। योजना के अनुसार राजीव व सोहन ने दोनों तरफ से अजय को पकड़ लिया और अनमोल ने पीछे से अजय के सिर में गोली मार दी। अजय फर्श पर गिर गया तो अनमोल ने दो गोली और मारी। अभियुक्तों ने अजय की तलाशी लेकर उसकी जेब से पर्स, मोबाइल निकाल लिए थे। अजय का चेहरा भी ने बिगाड़ दिया था। अजय के शव को कार की डिग्गी में रखकर उत्तराखंड ले गए थे। एसएसपी ने खुलासा करने वाली पुलिस टीम को 15,000 रुपये के पुरस्कार की घोषणा की शव उत्तराखंड में और मोबाइल दिल्ली में फेंका- एसएसपी ने बताया कि घटना खुले ना, इसके लिए अनमोल ने मृतक अजय के शव को उत्तराखंड के जंगल में फेंक आया था और उसके मोबाइल को ऑन कर गाजियाबाद-दिल्ली के बीच दिलशाद गॉर्डन मैट्रो स्टेशन के पास झाड़ियों में फेंका था। अजय रुपये व ज्वेलरी लेकर निकलने के घंटे भर बाद फोन बंद कर दिया था। दूसरे दिन वह फोन ऑन हुआ और उसकी लोकेशन बिजनौर क्षेत्र में मिली। फिर दिल्ली के दिलशाद गॉर्डन में लोकेशन मिली थी।इस तरह सफल हुई पुलिस- एसएसपी ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया व सीओ कटघर रुद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में थाने की टीम और एसओजी लगी थी। सफलता नहीं मिली थी। फिर कॉल डिटेल, सीडीआर का अध्ययन किया गया। इसी बीच अनमोल प्रकाश में आया। फिर सीडीआर में जो लोकेशन मिली, उसके आसपास ही अनमोल के फोन की मिली थी। मृतक अजय ने ज्वेलरी बचने को पहले से किसी से बातचीत कर रखी थी। उसी क्रम में उसने 90 लाख रुपये में ज्वेलरी बेची थी। एसएसपी ने बताया कि अनमोल की कार पर खून की छीटें थीं। उसे धुलवाने को अनमोल ने कार ढाबे पर छोड़ी थी। मृतक अजय का ड्राइविंग लाइसेंस इसी कार से बरामद हुआ है। अनमोल ने अजय से छीना पूरा रुपया अपने निर्माणाधीन मकान में जमीन के अंदर रख दिया था। अनमोल ने अजय को मारने के लिए सोनू को एक लाख और शव को ठिकाने लगाने को राजू को दो लाख रुपये दिए थे। व्हाट्सएप कॉल पर करते थे बातचीत- एसएसपी ने बताया कि तीनों अभियुक्त आपस में व्हाट्सएप कॉल कर बातचीत करते थे। पता चला है कि पूरी योजना अनमोल की थी। इसने अपने साथी सोनू व राजू को भी पूरी योजना नहीं बताई थी। सोनू व राजू के पास के तमंचों को बरामदगी बाकी है। एसएसपी ने बताया कि मृतक का मोबाइल अभी पुलिस को नहीं मिला है। इसलिए पुलिस अभी ये नहीं जान पाई कि अजय ने ज्वेलरी किसे बेची थी और अन्य कौन-कौन से राज दफन हैं। सीसीटीवी फुटेज पर भी काम कर रहे हैं। अजय के परिवार में केवल पत्नी है। एसएसपी ने बताया कि इसके नाना-मामा मुरादाबाद में ही रहते हैं। कार्रवाई में शामिल टीम- कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह, एसओजी प्रभारी अमित कुमार मय टीम और दरोगा ब्रजेश कुमार, देवेंद्र सिंह, विमल किशोर एवं हेड कांस्टेबल रवि राणा, कुलदीप कुमार व कांस्टेबल मोनू, मीनाक्षी। फील्ड यूनिट टीम।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

# स्टेज पर गांजा पीने लगा दुल्हा, कन्या पक्ष ने रिश्तेदारों को बनाया बंधक; दुल्हन ने किया शादी से इनकार

सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों पक्षों में समझौता कराया, जिसके बाद बारात बैरंग लौट गई। कोतवाल अमरजीत चौहान ने बताया कि फत्तूपुर में आई बारात में कुछ विवाद हुआ था, जिसके बाद दुल्हे समेत कुछ लोगों पक्षों में समझौता कराया गया है।भदोही के कोतवाली से इनकार कर दिया। युवती द्वारा शादी के लिए इनकार पिता और दादा को बंधक बना लिया। मामला कराया।भदोही कोतवाली के फत्तूपुर निवासी शीला जयरामपुर के तहसीलदार गौतम से होनी थी। बुधवार नाचते-गाते द्वारचार को पहुंचे। द्वारचार के बाद जयमाल दुल्हे नशे में था और काफी गाली-गलौच भी कर रहा चला गया और स्टेज के पीछे कुछ बैंड-बाजे वालों के हुई तो उन्होंने इस पर ऐतराज जताया। इसके बाद दूल्हा के बाद दुल्हन नाराज हो गई और शादी से इनकार कर खड़ा हो गया। काफी देर तक मान मनौव्वल चलता गौतम के साथ उसके पिता जयप्रकाश और. दादा मेवा



को बंधक बनाया गया था। सूचना मिलने पर दोनों के फत्तूपुर क्षेत्र में नशेड़ी दुल्हे को देख दुल्हन ने शादी किये जाने के बाद कन्या पक्ष क लोगों ने दुल्हे के कोतवाली पहुंचने पर पुलिस ने दोनों पक्षों में समझौता देवी की बेटी पिंकी की शादी जौनपुर जिले के की रात फत्तुपुर में बारात पहुंची। देर शाम बाराती शुरू हो गया।बताया जा रहा है कि जयमाल के दौरान था। जयमाल के बीच दुल्हा स्टेज से उतरकर नीचे साथ गांजा पीने लगा। इसकी जानकारी वधू पक्ष हो जयमाल स्टेज पर आकर गांजा पीने लगा। इतना देखने दिया। दुल्हन के शादी से इनकार करते हुए बखेड़ा रहा। मामला बढ़ने पर कन्या पक्ष ने दूल्हे तहसीलदार लाल को बंधक बना लिया। कन्या पक्ष शादी में खर्च हुए आठ लाख वापस देने की मांग करने लगा। इस बीच कई बाराती मौका देखकर निकल गए। मामला कोतवाली तक पहुंच गया।

# अमरोहा की गोशाला में क्रूरता: पशु चिकित्सक लापरवाह.. नहीं करते थे दौरा, सात गायों की मौत, दो को जिंदा दफनाया

हसनपुर की कान्हा गोशाला प्रकरण में बड़ी क्रूरता सामने आई है। अफसरों को पता चला है कि चिकित्सक गोशाला का दौरा करते ही नहीं थी। एक दिन पहले यहां सात गायों की अचानक मौत हो गई थी। उन्हें दफनाने के दौरान एक बीमार और दूसरी जिंदा गाय को भी दफना दिया गया। मौके पर पहुंचे बजरंग दल के लोगों ने जमकर हंगामा काटा उसके बाद उन्हें बाहर निकाला गया। शासन ने कार्रवाई करते हुए हसनपुर ईओ को निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। अमरोहा के हसनपुर की कान्हा गोशाला में सात गायों की मौत और एक जिंदा गाय को दबाने की गूंज शासन तक पहुंच गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए शासन द्वारा हसनपुर ईओ पीएन दीक्षित को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।वहीं, डीएम की ओर से उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के निलंबन की संस्तुति भी की गई है। तहसील से हटाते हुए मुख्यालय से अटैच किया गया है। जांच में गोशाला प्रभारी दिनेश कुमार व सहप्रभारी करन कर दिया गया। साथ ही इसमें हसनपुर पालिका के ईओ प्रकाश की लापरवाही भी सामने आई। जिस पर डीएम ने घंटे बाद ही शासन से ईओ के निलंबन का आदेश जारी हो इस प्रकरण के चलते वहां से हटाकर मुख्यालय से अटैच को हसनपुर एसडीएम बनाया गया है। बता दें कि हसनपुर में होने के बाद से उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. समेत पांच पर केस दर्ज, दो का चालान - गायों की मौत समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। रात में सुबह आला अधिकारी कोतवाली पहुंच गए। इस दौरान पर गोशाला के सह प्रभारी करन सिंह, केयरटेकर रजत,



यही नहीं एसडीएम पर भी तबादले की गाज गिरी है। उन्हें गोशाला प्रभारी व सहप्रभारी को निलंबित कर दिए गए हैं सिंह की लापरवाही सामने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित पीएन दीक्षित, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. चमन दोनों अधिकारियों के निलंबन की संस्तुति की थी। चंद गया। वहीं, डीएम ने हसनपुर एसडीएम भगत सिंह को भी किया है। उनकी जगह डिप्टी कलेक्टर प्रथम सुनीता कुमारी पशु चिकित्सा अधिकारी के 31 दिसबंर को सेवानिवृत्त चमन प्रकाश पर अतिरिक्त प्रभार था। गोशाला के प्रभारी के मामले में लापरवाही बरतने पर गोशाला के सह प्रभारी गायों की मौत पर हंगामा होने के बाद बृहस्पतिवार की उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. चमन प्रकाश से तहरीर केयरटेकर कुनाल, सफाई कर्मी अश्विनी और जेसीबी चालक जाकिर की लापरवाही मानते हुए नामजद किया गया। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। गोशाला में पशु चिकित्सक की रही बड़ी लापरवाही- लोगों का कहना है कि पशु चिकित्सक गोशाला में जाते ही नहीं थे। शासन स्तर से एक पशु चिकित्सक समेत चार पशु स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी गोशाला में लगाई है। उनका कार्य है कि यदि किसी पशु को जरा भी दिक्कत या परेशान हो तो उसका उपचार किया जाए। लेकिन चिकित्सक की लापरवाही और गोशाला के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही की वजह से गोशाला में दस से अधिक गाय बीमार हो गईं। जबकि सात गायों की मौत हो गई है। बजरंग दल के प्रांत प्रमुख हेमंत सारस्वत का आरोप है कि बृहस्पतिवार की सुबह को पशु चिकित्सक ने आला अधिकारियों के कहने पर छोटे कर्मचारियों पर मुकदमा करवा दिया जबकि वास्तव में पशु चिकित्सक पर ही मुकदमा दर्ज होना चाहिए था। दफनाने का वीडियो वायरल- कान्हा गोशाला में बीमार जिंदा गोवंश को गड्ढे में दफनाने का प्रयास किया गया। ऐन वक्त पर बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर उसे दफनाने से रोका। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बुधवार रात करीब दस बजे विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता गोशाला पहुंच गए। उस समय एसडीएम भगत सिंह और चिकित्सकों की टीम द्वारा मृत गोवंशों को गोशाला कर्मियों की सहायता से दबाया जा रहा था। एसडीएम द्वारा मीडिया कर्मियों को भी गेट पर रोकने का प्रयास किया गया। अंदर नहीं जाने दिया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रांत सेवा प्रमुख हेमंत सारस्वत ने बताया कि मौके पर जिंदा गोवंश को दफनाया जा रहा था। इसका वीडियो भी बनाकर वायरल कर दिया गया। जीवित को गाय को गड्ढे से निकलवाकर उसका उपचार शुरू करवाया। रात तीन बजे तक डटे रहे बजरंग दल कार्यकर्ता- कान्हा गोशाला में पर बुधवार की देर शाम को कई बीमार गायों के मौत हो गई थी। सूचना मिलने पर विहिप और बजरंग दल के जिला मंत्री विपिन शर्मा, बजरंग दल के प्रांत बल सेवा प्रमुख हेमंत सारस्वत, शिवम त्यागी, अनुराग शर्मा, ललित शर्मा, कपिल शर्मा, पीयूष चौधरी, भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष मोहित अग्रवाल, पूर्व सभासद संदीप गुप्ता समेत कई कार्यकर्ता रात 10 बजे गोशाला में पहुंच गए थे। उन्होंने देखा तो गोशाला में ही खाली स्थान पर मृतक पशुओं को जेसीबी से दफनाया जा रहा था। कार्यकर्ताओं ने हंगामा करते हुए दफनाने के कार्य को रुकवा दिया। एसडीएम व सीओ से कार्यकर्ताओं की जमकर नोकझोंक हुई। इसके बाद कार्रवाई की मांग को लेकर कार्यकर्ता रात तीन बजे तक गोशाला में ही धरने पर बैठे रहे। एडीएम सुरेंद्र सिंह व एएसपी राजीव कुमार सिंह भी पहुंच गए। उन्होंने हंगामा कर कार्यकर्ताओं को समझाकर शांत कराया। विधायक बोले, सीएम तक पहुंचेगा गायों की मौत का मामला गोशाला में गायों की मौत होने के बाद बृहस्पतिवार सुबह को विधायक महेंद्र सिंह ने गोशाला पहुंचकर मामले की जांच की। इस दौरान उन्होंने गायों की स्थिति के बारे में देखा और उसे बेहतर बनाने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से की जाएगी।

# गर्मी न सही जाए: बैरन बिजली भी सताए, 37 घंटे दिया दर्द, कार-होटल व रिश्तेदारी में गुजारी रात, जेई निलंबित

